आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 26.06.2024 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता ओम बिरला दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष चुने गए।
- मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली में रक्षामंत्री से भेंट कर नैनीताल में पार्किंग सुविधा विकसित करने के लिए रक्षा संपदा की भूमि राज्य सरकार को देने का अनुरोध किया।
- कैबिनेट मंत्री प्रेमचन्द अग्रवाल की अध्यक्षता में टिहरी में आज जिला योजना समिति की बैठक में चालू वित्तीय वर्ष के लिए 95 करोड़ से अधिक का परिव्यय अनुमोदित किया गया।
- प्रदेश में मॉनसून को लेकर जुलाई माह के पहले पखवाड़े में बांधों की तैयारी और सुरक्षा व्यवस्था को परखने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन होगा।

लोकसभा अध्यक्ष

भाजपा सांसद ओम बिरला ध्वनिमत से आज 18वीं लोकसभा के अध्यक्ष चुन लिए गए हैं। विपक्ष ने इस पद के लिए कांग्रेस सांसद के. सुरेश को अपना उम्मीदवार बनाया था, लेकिन उसने सदन में मत विभाजन की मांग नहीं की। चुनाव के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, विपक्ष के नेता राहुल गांधी और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू श्री बिरला को अध्यक्ष के आसन तक ले गए। इससे पहले, जब आज सुबह सदन की बैठक शुरू हुई, तो प्रधानमंत्री और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के 12 अन्य नेताओं ने श्री बिरला को अध्यक्ष के रूप में चुनने के लिए प्रस्ताव पेश किया। विपक्ष की ओर से शिवसेना (यूबीटी) नेता अरविंद सावंत, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) की सुप्रिया सुले और समाजवादी पार्टी के आनंद भदौरिया ने श्री सुरेश के पक्ष में प्रस्ताव पेश किया। अपने संबोधन में श्री ओम बिरला ने दोबारा सदन के अध्यक्ष के रूप में काम करने का अवसर देने और उन पर विश्वास जताने के लिए सदन के सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया। ओम बिरला को उनके चुनाव पर बधाई देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, श्री बिरला के दूसरी बार फिर से चुने जाने से आज इतिहास बन रहा है। उन्होने कहा कि श्री बिरला की अध्यक्षता में पिछली लोकसभा ने 97 प्रतिशत की रिकॉर्ड उत्पादकता देखी। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी श्री बिरला को बधाई देते हुए कहा कि यह सदन जनता की आवाज का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने श्री बिरला को सदन के सुचारू संचालन के लिए विपक्ष के समर्थन का आश्वासन दिया।

भेंट

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज नई दिल्ली में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से भेंट की। इस दौरान श्री धामी ने रक्षा मंत्री से नैनीताल में पार्किंग सुविधा विकसित करने के लिए रक्षा संपदा की भूमि राज्य सरकार को

देने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नैनीताल जिले में विश्व प्रसिद्ध बाबा नीब करौरी महाराज का आश्रम कैंची धाम है, जहां श्रद्धालुओं की संख्या में अत्यधिक बढोतरी हो रही है। श्री धामी ने बताया कि नैनी झील से दो किलोमीटर दूरी पर रक्षा सम्पदा विभाग की भूमि है, जिसका क्षेत्रफल तीन एकड़ है। उन्होंने कहा कि यदि इस भूमि को पार्किंग के लिए उपलब्ध करा दिया जाता है तो नैनीताल में पार्किंग व्यवस्था की समस्या का समाधान हो जाएगा। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने मुख्यमंत्री को इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री को सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## बदरीनाथ उपचुनाव

चमोली जिले में बदरीनाथ विधानसभा उपचुनाव के लिए 2 मॉडल बूथ, 2 यूनिक बूथ और 1–1 महिला बूथ, दिव्यांग बूथ व युवा बूथ बनाए जाएंगे। महिला बूथ पर महिला कार्मिकों, दिव्यांग बूथ पर दिव्यांग कार्मिक और युवा बूथ पर युवा कार्मिकों की तैनाती की गयी है। मॉडल बूथों पर शुद्ध पेयजल, सेल्फी प्वाइंट, व्हील चेयर और मतदान करने वालों के लिए बैठने की समुचित व्यवस्था की गयी है। इस बीच, उपचुनाव को लेकर आज गोपेश्वर स्थित पी.जी कॉलेज में मॉडल बूथों पर तैनात कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनरों ने मतदान अधिकारियों को उनके कार्य व दायित्वों के साथ–साथ मॉक पोल, सीलिंग व वास्तविक मतदान और मतदान समाप्ति के बाद प्रपत्रों की पैकिंग से संबंधित प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी दी। वहीं, ईवीएम के व्यावहारिक प्रशिक्षण में मतदान की सभी प्रक्रियाओं से अवगत कराते हुए कंट्रोल, बैलट यूनिट और वीवीपैट के संयोजन व कार्यप्रणाली की जानकारी दी गयी।

## निर्देश

सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने पिथौरागढ़ के डीडीहाट में सैनिक कल्याण कार्यालय का निर्माण न होने तक अस्थाई तौर पर डीडीहाट के सैनिक विश्राम गृह में कार्यालय संचालित करने के निर्देश दिए हैं। श्री जोशी ने देहरादून स्थित कैंप कार्यालय में सैनिक कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ विभागीय समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी ली। सैनिक कल्याण मंत्री ने शहीद आश्रितों को राजकीय सेवा में समायोजित करने से संबंधित कार्यों को एक महीने के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने शहीद सैनिकों के आश्रितों के लिए कुमाऊ मंडल में छात्रावास का निर्माण हल्द्वानी में करने के लिए भूमि चिन्हिकरण करने के निर्देश दिए। श्री जोशी ने अधिकारियों को विभाग में कार्यरत संविदा कर्मचारियों के अवकाश के संबंध में कैबिनेट के लिए प्रस्ताव बनाने को भी कहा।

## पैराग्लाइडिंग प्रशिक्षण

बागेश्वर जिले के कपकोट में पांच दिवसीय पैराग्लाइडिंग प्रशिक्षण शुरू हो गया है। पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित इस प्रशिक्षण में क्षेत्र के 26 छात्र–छात्राएं हिस्सा ले रहे हैं। जिला पर्यटन विकास अधिकारी पीके गौतम ने कहा कि पैराग्लाइडिंग सीख कर युवा अपना रोजगार सृजित कर सकेंगे।

जिला योजना

शहरी विकास मंत्री और टिहरी जिले के प्रभारी मंत्री प्रेमचन्द अग्रवाल की अध्यक्षता में आज जिला योजना समिति की बैठक में चालू वित्तीय वर्ष के लिए 95 करोड़ से अधिक का परिव्यय अनुमोदित किया गया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि जिला योजना समिति की बैठक में विभागीय योजनाओं के विकास के लिए परिव्यय को स्वीकृत किया गया है। उन्होंने  कहा कि जिन विभागों ने पिछले वर्ष अच्छा काम किया है, उनका परिव्यय बढ़ाया गया है, जबकि धीमी प्रगति वाले विभागों का परिव्यय कम किया गया है। इस मौके पर प्रभारी मंत्री ने जिले में विकास कार्यों को लेकर विभिन्न विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। वहीं, मानसून सीजन को देखते हुए प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहते हुए सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के भी निर्देश दिए।

ट्रैफिक जाम निस्तारण

देहरादून शहर में ट्रैफिक जाम की समस्या से निपटने के लिए आज पुलिस निदेशक (यातायात) मुख्तार मोहसिन ने अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने आई.एस.बी.टी के आसपास लगने वाले जाम को नियंत्रित करने के लिए सड़कों पर खड़ी रोडवेज की बसों को बस स्टेशन के अन्दर पार्क कराने के निर्देश दिए। इसके लिए परिवहन विभाग से सहयोग लिया जाएगा। समीक्षा के दौरान आई.एस.बी.टी फ्लाईओवर के नीचे खाली जगह को व्यवस्थित पार्किंग के रुप मे विकसित करने का निर्णय भी लिया गया। बैठक में इस बात पर भी सहमति बनी कि ट्रांसपोर्ट नगर में लगने वाले भारी वाहनों को सड़क पर पार्क नही होने दिया जाएगा और उन्हें पार्किंग में लगाने के लिए अभियान चलाया जाएगा। साथ ही बिन्दाल कट पर चकराता रोड से कैंट की ओर जाने वाली सड़क पर वाहनों की गति पर नियत्रंण के लिए रम्बल स्ट्रीप लगाए जांएगे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि राजधानी देहरादून के आसपास स्थित पर्यटक स्थलों के लिए वाहनों को उस स्थल की पार्किंग क्षमता के अनुसार ही भेजा जाएगा और वाहनों की क्षमता को नियंत्रित करने के लिए गेट सिस्टम का प्रयोग किया जाए। इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय राजमार्गों में गलत दिशा में वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई करने का निर्णय भी लिया गया।

मॉनसून मॉक ड्रिल

प्रदेश में मॉनसून को लेकर आगामी जुलाई माह के पहले पखवाड़े में बांधों की तैयारी और सुरक्षा व्यवस्था को परखने के लिए मॉक ड्रिल किया जाएगा। मॉक ड्रिल के तहत आपातकालीन स्थिति में सेंसर और

सायरन के सही ढंग से काम करने या न करने और बांध परियोजनाओं द्वारा बनाई गई एसओपी धरातल में कितनी उपयोगी साबित होगी, इसको परखा जाएगा। आपदा प्रबंधन व पुनर्वास सचिव डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में सचिवालय में बांध परियोजनाओं के संबंध में आयोजित बैठक में प्रदेश की बांध परियोजनाओं के प्रतिनिधियों ने मानसून के दृष्टिगत अपनी–अपनी तैयारियों के बारे में विस्तार से बताया। डॉ. सिन्हा ने कहा कि बांधों और बैराजों की सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता होनी बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा, सभी बांध ऑटोमेटिक सेंसर लगाएं, ताकि एक निश्चित सीमा से बांध या बैराज का जल स्तर बढ़े तो सायरन स्वयं बज जाए। उन्होंने सभी बांध परियोजनाओं के प्रतिनिधियों से कहा कि उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के साथ समन्वय के लिए नोडल अधिकारी की तैनाती करें।

नशामुक्ति

मादक पदार्थों के दुरूपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर आज प्रदेश के विभिन्न जिलों में नशे के खिलाफ जन–जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन कर इससे दूर रहने का संकल्प लिया गया। उत्तरकाशी में नशामुक्त भारत सप्ताह की शुरूआत करते हुए कलक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह की अध्यक्षता में आयोजित एक कार्यक्रम में नशामुक्ति की शपथ ली गई। इस मौके पर जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों और उपस्थित लोगों ने हस्ताक्षर अभियान में भाग लेते हुए देश को नशामुक्त करने के लिए प्रतिबद्धता से प्रयास करने का संकल्प लिया। वहीं, अल्मोड़ा जिले के शासकीय कार्यालयों में नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। इस दौरान सभी से नशे से दूर रहने व नशा करने वालों को नशे के दुष्परिणाम की जानकारी भी दी गई। विशेषकर किशोरों और युवाओं को नशे की चपेट में आने से बचने पर चर्चा भी की गई। इसके अलावा एनआरएलएम योजना के तहत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने भी अपने क्षेत्र को नशामुक्त रखने की शपथ ली। जिले के सभी विकासखण्डों में भी नशामुक्ति को लेकर शपथ ली गयी।

मौसम

राजधानी देहरादून सहित प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में आज रूक–रूककर हल्की से मध्यम बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भी राज्य में बारिश का दौर जारी रहेगा। इस दौरान कहीं–कहीं आंधी और गरज के साथ भारी से बहुत भारी बारिश भी हो सकती है।